<u>**पत्र सूचना शाखा**</u>

<u>**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0**</u>

<u>राज्यपाल ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया</u>

<u>मितव्ययता की दृष्टि से पोस्टल बैलेट का प्रयोग करने का निर्णय</u>

लखनऊः 09 अक्टूबर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक व उनकी पत्नी श्रीमती कुन्दा नाईक ने आज यहां राजभवन में महाराष्ट्र विधान सभा का 15 अक्टूबर को हो रहे चुनाव में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। श्री नाईक मुंबई के गोरेगांव विधान सभा क्षेत्र के मतदाता हैं।

राज्यपाल ने पोस्टल बैलेट का निर्णय मुम्बई हवाई यात्रा के खर्च से बचने तथा मितव्ययता की दृष्टि से लिया है। पोस्टल बैलेट के प्रयोग से जहां हवाई यात्रा में श्री नाईक, उनकी पत्नी तथा परिसहाय सहित तीन व्यक्तियों का आने-जाने का लगभग डेढ़ लाख रूपये, दो दिन का समय व सुरक्षा व्यवस्था पर होने वाला व्यय बचेगा तथा वही समय का उपयोग राजभवन में सरकारी कामकाज निपटाने में किया जा सकता है।

अंजुम/रा0/राजभवन